हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

06 पीडब्ल्यूडी को अब दोबारा भेजना होगा प्रपोजल...



08 सीएम मोहन यादव व मंत्री शाह ने परिजनों से...





## खबर संक्षेप

### नगर में 12 को निकलेगा विशाल पथ संचलन

**माखन नगर।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ माखन नगर में पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी निकालेंगा प्रत्येक मंडल पर संचलन संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों में पहला कार्यक्रम मंडल संचलन का है जो कि बड़ी तैयारी के साथ निकलेंगे खंड के प्रत्येक ग्राम से स्वंयसेवक अपनी सहभागिता ले इस लक्ष्य को लेकर पूर्व से ही प्रत्येक मंडल की बैठक और ग्राम इकाई तक की बैठके हो चुकी है। मंडलों के संचलन निकलने के बाद 12 अक्टूबर को नगर में विशाल संचलन निकलेगा जिसमें प्रत्येक ग्राम के स्वंयसेवक हिस्सा लेंगे।

### भावांतर योजना का लाभ देने की तैयारी शुरू

**सोहागपुर।** किसानों को भावांतर योजना का लाभ मिलेगा। इस बाबत सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने प्रेस नोट जारी किया है। जिसके अनुसार किसानों को उपज का उचित मूल्य देना मप्र सरकार की प्राथमिकता है। अतः सरकार ने भावांतर भुगतान योजना वर्ष 2025 लागू की है। जिसमें भारत सरकार द्वारा सोयाबीन का घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव या विक्रय मूल्य के अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया गया है।

### मधुर मिलन दशहरा समिति ने 47वें वार्षिक आयोजन में किए विजयादशमी पर रंगारंग आयोजन

# जीवन बहुत छोटा है, अतः सबका भला करें: विधायक विजयपाल सिंह

सोहागपुर नगर में पांरपरिक दशहरा मनाया गया। वार्षिक आयोजन में रंगारंग कार्यक्रम के आयोजन में विधायक विजयपाल शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

हमारा जीवन बहुत छोटा है, अतः हो सके तो हम सबका भला करें। उक्त बात क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने गुरुवार रात मधुर मिलन दशहरा समिति के कार्यक्रम में बतौर अतिथि कही। समिति के 47 वें वार्षिक आयोजन में रंगारंग कार्यक्रम किये गए। मधुर मिलन दशहरा समिति के अध्यक्ष देवांशु बीके शर्मा ने बताया कि विजयादशमी पर्व की शुरुआत रामलीला मंचन में समस्त अतिथियां द्वारा श्रीराम दरबार के पूजन से हुई। जहां वरिष्ठ नागरिक चौधरी राजेंद्र सिंह, मंगल सिंह रघुवंशी, विधायक विजयपाल सिंह, जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ताद्वय बीके शर्मा तथा जेपी माहेश्वरी, आध्यात्मिक गुरु पं. प्रकाश मुदगल, पूर्व मंडी पदाधिकारी राकेश चौधरी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, श्री रामनाट्य समिति अध्यक्ष अनिल जैन आदि ने पूजन किया।





**किया रावण दहन**


श्रीराम दरबार पूजन उपरांत अतिथि भगवत स्वरूपों के साथ रामलीला मैदान पहुंचे, जहां आकर्षक आतिशबाजी उपरांत रावण दहन किया गया। देवांशु शर्मा ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई मंच पर वार्षिक परंपरा का कार्यक्रम हुआ, जिसमें विधायक विजयपाल सिंह व कांग्रेस नेता पुष्पराज सिंह पटेल ने संबोधन में जनता को पर्व की बधाई दी। जिसके बाद आर्केस्ट्रा एवरग्रीन नागपुर ने प्रस्तुतियां दी। इस दौरान अतिथि रूप में वरिष्ठ नागरिक चौधरी राजेंद्र सिंह, राममूर्ति पटेल, नपाध्यक्ष लता पटेल, पार्षद, मधुर मिलन दशहरा समिति के पूर्व अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

**किया अखाड़ा प्रदर्शन**

मधुर मिलन दशहरा समिति अध्यक्ष देवांशु बीके शर्मा ने बताया कि श्री दाऊ दरयाब सिंह व्यायाम शाला मातापुरा के कुशल पहलवानों ने शानदार अखाड़ा प्रदर्शन किया। श्रीराम चौक से अखाड़ा प्रदर्शन करते हुए सभी पहलवान रामलीला मैदान पहुंचे। जहां रावण दहन के पूर्व अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। दशहरा समिति अध्यक्ष देवांशु बीके शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 का आयोजन मधुर मिलन दशहरा समिति का 47 वां वार्षिक आयोजन था।

# पचमढ़ी के बाहरी क्षेत्र में 'जंगल के राजा' की दस्तक

## बाघ के पदचिह्न देख वन विभाग अलर्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी, पचमढ़ी, में एक बार फिर बाघ की उपस्थिति ने रोमांच और उत्सुकता का माहौल बना दिया है। पचमढ़ी के नाहरी जंगलिए क्षेत्र के पास रेत में एक स्पष्ट बाघ का पग मार्ग देखा गया है, जिसकी तस्वीर भी सामने आई है।

### पग मार्ग की पहचान:

तस्वीर में पग मार्ग पूरी तरह से विकसित और स्पष्ट दिखाई देता है, जिससे यह निश्चित होता है कि यह एक वयस्क बाघ का है। पग मार्ग मिलना इस बात का सीधा प्रमाण है कि यह वन्यजीव इस क्षेत्र का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है।

### वन विभाग हुआ सतर्क

बाघ के इस पग मार्ग की सूचना मिलते ही वन विभाग तुरंत सक्रिय हो गया है। विभाग ने इस क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और बाघ के मूवमेंट को ट्रैक करने के लिए अतिरिक्त मॉनिटरिंग टीम को तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने और विशेष रूप से शाम व रात के समय अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। संजीव शर्मा एडिशनल डायरेक्टर सतपुड़ा वन विभाग पचमढ़ी - पगमार्क को देख तो यह एक वयस्क बाघ लगता है।वन विभाग पूरी तरह मुसतैद है एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हमेशा से तैयार रहता है ऐसे में पचमढ़ी के बाहरी क्षेत्र की पेट्रोलिंग हमने बढ़ा दी है।

# वृक्ष पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस की जांच शुरू

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रानीगोहान के समीप एक खेत में लगे वृक्ष से युवा का शव बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार रामदास पिता कन्हैयालाल अहिरवार निवासी ग्राम धपाड़ा से इस आशय की सूचना मिली थी।

जिसके अनुसार गुरुवार को रानीगोहान की नदी में पंचम पटेल के खेत के पास एक पेड़ से किसी ने फांसी लगा ली। जब सरपंच एवं अन्य लोग पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति के द्वारा कमर में बांधने वाले बेल्ट से पेड़ में फंसाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मृत्यु हो गई है।

पूछताछ में मृतक की शिनाख्त रिंकेश पिता लखन लाल अहिरवार 27 वर्ष निवासी मढ़ावन थाना माखन नगर के रूप में हुई। पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार मृत्यु का कारण अज्ञात है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाई शास्त्री-गांधी जयंती, किया महापुरूषों को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम ने प्रांतीय अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव से प्राप्त निर्देशानुसार 02 अक्टूबर को हमारे समाज एवं राष्ट्र दोनों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण महानायक है। कायस्थ समाज के गौरव, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती नवनिर्मित श्री चित्रगुप्त मंदिर कोठी बाजार में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि शास्त्री जी हमारे समाज ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए सत्यनिष्ठा, सादगी और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनका दिया हुआ नारा जय जवान, जय किसान आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। पूर्व अध्यक्ष सहित जिला महामंत्री अशोक श्रीवास्तव, महासचिव राजेश कुलश्रेष्ठ, जिला युवा अध्यक्ष भानु श्रीवास्तव,जिला मीडिया प्रभारी सजेंद्र श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, बलराम श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष युवा सुरेन्द्र वर्मा आदि ने लाल बहादुर शास्त्री जी एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



# शारदीय नवरात्र का हुआ विराम, दुर्गा उत्सव समितियां देर रात तक करती रहीं विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जपं क्षेत्र की नर्मदा किनारे सभी ग्राम पंचायतमे शासन ने ग्राम पंचायतसचिव तथा अन्य सचिव रोजगार सहायक नायब तहसीलदार राजस्व निरीक्षक तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी, पटवारी ग्राम कोटवार उपयंत्री सहित अन्य सभी विभागों के साथ मंडी के भी लोगों की डियुटी लगाई थी। ग्राम पंचायत सांडिया के सरपंच रामजी दीखत, सचिव अनिल पांडेय सचिव भरत पटेल,राम अवतार सिंह सुरेश स्वामी सिवनी ग्राम पंचायत में सुनील दुबे सचिव खैरा में सचिव सहित अन्य सभी शामिल हुए थे। पुलिस अधिकारी तैनात रहे। मशीन के माध्यम से तथा अन्य अधिकारियोंकी टीम के द्वारा मूर्ति विसर्जन किया गया। तथा यह लगातार 3दिन तक चलता रहा ग्राम पंचायत सुरेला किशोर में सचिव अभिषेक पाण्डेय सहित सभी लोग शामिल हुए थे।



# करणी सेना का शस्त्र पूजन : 'वीर का अधिकार, शौर्य का आधार, अधर्म का उपचार है शस्त्र'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को करणी सेना परिवार नर्मदापुरम क्षत्राणि इकाई के बैनर तले अंजू राजपूत के नेतृत्व में ईशान परिसर में दुर्गा जी पंडाल में करणी सेना परिवार,राजपूत समाज ने सर्वसमाज के साथ भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें सुनीता राजपूत जीजा, सैल चौहान जीजा, नीति राजपूत जीजा, सीमा राजपूतजीजा, नेहा भदौरिया,, राखी राजपूत,रक्षा राजपूत, संगीता राजपूत, रुचि राजपूत, ऋचा राजपूत,सरोज भदौरिया, रूही बाईसा,वैष्णवी बाईसा, आशा परिहार, शिवन्या बाईसा, मान्य बाईसा, देवांशी राजपूत, सुचिता राजपूत, उर्मिला राजपूत, कोकिला राजपूत,रुक्मणि परिहार, रेखा परिहार जी राजपूत क्षत्राणियां के साथ सर्वसमाज की मातृशक्तियों ने शस्त्र पूजन किया। साथ ही करणी सेना एवं राजपूत समाज से मंटू परिहार जी, बंटी परिहार जी, सनी परिहार जी ,ओम परिहार जी,आशु परिहार जी,आदर्श राजपूत जी,लखन राजपूत जी, अनुराग राजपूत राजपूत सरदार एवं बना भी सर्वसमाज के भाईयों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।आयोजित कार्यक्रम दशहरा मिलन में सभी ने शस्त्र पूजन एवं माता जी की आरती कर सांकेतिक बलि चढ़ाई, उसके पश्चात गरबा का आयोजन किया गया,एवं रावण दहन कर शक्ति एवं शौर्य के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



# समेरिटंस स्कूल के 8 खिलाड़ी हैंडबॉल स्पर्धा के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेमेरिटंस स्कूल के आठ खिलाड़ियों का चयन शालेय हैंडबॉल को संभागस्तरीय टीम में हुआ है। उक्त सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त तम्बाकू कोच शाला के खेल प्रशिक्षक विनोद कुमार साहू होंगे। प्रतियोगिता के लिए अनामिका परनामे, मनप्रीत कौर, नैन्सी बैरवा, हर्ष गौर, यशवर्धन ठाकुर, निखिल मीना, श्रेयांश चौहान, स्पर्श यादव का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर शाला संचालन समिति के सदस्यों, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, डॉ. सचिन खम्परिया, ऑस्कर एरिन मोजेस, विक्रांत खम्परिया आदि के द्वारा उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# नगर कांग्रेस ने नगरीय प्रशासन मंत्री का फूंका पुतला, विवादित बयान का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

अखिल भारतीय राष्ट्रीयकाग्रेस युवक कांग्रेस के दारा मध्य प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया। तथा नारे लगाए गए।याद रहे कि राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी भाई वहन के रिश्तों को लेकर विवादित बयान देकर सम्मानित होने पर भी विचार व्यक्त किए गए थे। लेकिन ऐसे कथन नहीं करने दे। फिर भी अपमान जनित बयानबाजी की गई थी। इसलिए युवक कांग्रेस कमेटी में शामिल पूतला जलाया गया। मंगलवारा चौराहे पर तीखा विरोध करते हुए भारतीय सनातन संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों को अपमानित करना बताया गया। कांग्रेस कमेटी ने भाजपा का दोहरा चरित्र बताया तथा कैलाश विजयवर्गीय को माफी मांगनी चाहिए क्योंकि यह भाई वहन के अमिट रिश्ते का अपमान किया है। माफी मांगने को लेकर नारेबाजी की गई। तथा आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी युवा नेता दीपसिंह छाबड़ा,हरीश बेमन उदय सिंह राजपूत, हर्ष कटकवार, प्रशांत पालीवाल, कमलेश उर्फ चिंकू साहु, सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



## श्रीराम लीला महोत्सव का अयोजन जारी

# सेठानी घाट पर बने विशाल मंच से कलाकारों ने किया उत्तर भरत मिलाप की लीला का मंचन, दर्शकों ने की पात्रों की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रावण का वध करने के बाद प्रभु श्रीरामजी विभीषण को लँका का राज पाठ दिलवाते हैं और लक्ष्मण जी से विभिषण का राजतिलक करवाते हैं । प्रभु श्रीरामजी सबसे कहते हैं कि भरतजी ने कहा था कि वनवास की अवधि पूर्ण होते ही उनको अयोध्या पहुंचना है । अतः लंकाधिपति विभिषण प्रभु को शीघ्र ही पुष्पक विमान उपलब्ध कराते हैं जिस पर से प्रभुश्री राम के आदेश से देवराज इंद्र श्रीराम रावण युद्ध में मारे गए वानर तथा भालुओं पर अमृत की बर्षा करते हैं जिस से वे जीवत हो उठते है पश्चात प्रभु श्रीराम जी पुष्पक विमान में जानकी जी , लक्ष्मणजी , हनुमान जी , सग्रीव , अंगद सहित बैठकर अयोध्या पहुंचते हैं , सरयू के पास पहुंच कर श्री भरत को हनुमानजी के माध्यम से उनके आने की सूचना देतें हैं ,, श्री भरत जी , ब्रम्हरिषि वशिष्ठ, माताओं और पुरवासियों सहित प्रभु श्रीराम , श्रीजानकी जी और श्रीलक्ष्मण जी की अयोध्या में आगवानी करतें और राजमहल ले आते हैं। लीला में प्रतीक दुबे ने श्रीराम, अक्षय मिश्रा ने जानकी , अक्षय मिश्रा ने लक्ष्मण ,दीपेश व्यास ने हनुमान गोपाल शुक्ला ने विभिषण , दीपक साहू ने सग्रीव और वेद तिवारी ने पुरवासी का अभिनय किया। विभिषण को लंका का राज्य सौंपकर भगवान जब अयोध्या से लौटते हैं तो राह में एक गांव में ग्रामवासी भगवान का स्वागत करतें हैं। लीला इसको इस तरह दिखलाया है कि पात्र दशहरा मैदान से कोठी बाजार स्थित ओंकार चन्देल के निवास पर उनके साथी गणों द्वारा भगवान का जोरदार स्वागत करके भोजन प्रसादी की व्यवस्था का आयोजन होता हैं।

पश्चात यहां से भगवान सीधे सेठानीघाट पर बने रामलीला मंच पर पहुंचते हैं जहां उत्तर भरत-मिलाप की लीला सम्पन्न हुई ।

4 अक्टूबर को श्रीरामलीला मंच से श्रीरामराज्याभिषेक की लीला का मंचन होगा जिसमें प्रभुश्री राम जी श्रीराम दरबार में राजसमाज एवं पुरवासियों को उपदेश देंगे ।



# गुजराती समाज के पारंपरिक गरबा में शामिल हुए राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शारदीय नवरात्रि में आस्था और भक्ति के साथ गरबा का आयोजन गुजराती समाज द्वारा गुजराती भवन भोपाल में किया जा गया। अष्टमी पर आयोजित गरबा देश भक्ति से प्रेरित रहा। कार्यक्रम संयोजक नवीन पटेल ने बताया कि श्री गुजराती समाज भोपाल समाज द्वारा अष्टमी पर आपरेशन सिंदूर की थीम पर आयोजित गरबे में राज्यपाल मंगूभाई पटेल शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल श्री पटेल ने स्वदेशी पर किए जा रहे समाज के कदमों की खूब सराहना की और स्वदेशी अपनाने पर बल दिया तथा स्वदेशी वस्तु खरीदने के फायदे बताएं। कार्यक्रम में गौजूद सदस्यों ने स्वदेशी अपनाओं और आज से स्वदेशी वस्तु की खरीदेंगे ऐसा संकल्प एक स्वर में लिया। इस दौरान बताया गया कि समाज में स्वदेशी वस्तु उपहार स्वरूप समाज सदस्यों को पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में गुजराती समाज अध्यक्ष संजय भाई पटेल, जो अखिल भारत गुजराती समाज के भी राष्ट्रीय अध्यक्ष है के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष संजय पटेल, उपाध्यक्ष चेतन भाई पटेल, सचिव मिनेश पटेल, निलेश शाह, स्थाई समिति सदस्य मनोज झा, भरत भाई कांटावाला, महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा कांटावाला, सचिव रीना मेहता कोषाध्यक्ष, ममता पटेल और सह सचिव सेजल पटेल, प्रीति शाह एवं समस्त महिला मंडल, संयोजक नवीन पटेल और उमेश पटेल और समस्त कार्यकारिणी जिसमें शांति भाई पारिख,भावेश कोठारी, आलोक मेहता, हर्षद पाटीदार, निमेष पारीख, जयंत शाह, सेजल सेठ अमित पटेल, संजीव पटेल, राजेश पटेल, योगेश कड़किया, देवेश वैध, अशोक पटेल, हरिओम एवं योगेन्द्र लाड मुख्य भूमिका है। इस दौरान भोपाल नर्मदापुरम, हरदा के अलावा अन्य क्षेत्रों के सामाजिक सदस्य मौजूद रहे।रात्रि 8.30 बजे मां शारदा की आराधना में आरती की गई। आरती पश्चात गुजरात के शहर जूनागढ़ से आए म्यूजिकल ग्रप ने गुजराती भाषा में गरबे गायन की विशेष प्रस्तुति दी। जिस पर समाज के लोगों ने गरबा किया। उल्लेखनीय है कि शहर में सिर्फ गुजराती 'समाज द्वारा रोजाना रात को गरबा व डांडिया का आयोजन हो रहा है। फूड जोन में गुजराती व्यंजनों के साथ अन्य राज्यों के व्यंजन के भी स्टॉल्स सजाए गए है जिसे समाज के दानदाता और सदस्य अपना सहयोग देकर करते है, सदस्यों ने विभिन्न जायकों का आनंद लिया और 'मेहमानों ने भी इसका लुफ्त लिया।



### विशेष ड्रेस कोड में हुआ गरबा..

गुजराती समाज के गरबे में ड्रेस पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजकों ने बताया कि अंग प्रदर्शित, आधनिक , स्लीव लैस, बैकलैस, जींस और टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। निर्धारित ड्रेस कोर्ड का पालन न होने पर प्रवेश वर्जित है।

## खबर संक्षेप

### दशहरे के अवसर पर टोल टैक्स में छूट

**शाहपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुंडी टोल प्लाजा पर रात 12 बजे 3 अक्टूबर से टोल टैक्स में थोड़ी राहत दी गई। जिससे छोटी कार से लेकर बड़े वाहनों के टोल टैक्स में थोड़ी राहत दी गई है। पहले छोटी कार में एक तरफ का टोल 90 लिया जा रहा था, जो अब घटकर 85 रुपए कर दिया गया है। यानी की 5 की कमी की गई है।

### महिला और बच्चा कुएं में डूबे, दोनों की मौत

**बैतूल।** निमझिरी गांव में एक 45 वर्षीय महिला और 5 साल के मासूम बच्चे की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार प्रेमवती (45), पति सुखराम, मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपने देवर के बेटे हरीश (5) के साथ घर के पीछे बने कुएं की ओर गई थीं। कुछ देर बाद दोनों कुएं में डूब गए। बोडख़ी चौकी प्रभारी अमित पवार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह दुर्घटना प्रतीत होती है। आशंका है कि हरीश खेलते-खेलते कुएं में गिर गया और उसे बचाने के लिए प्रेमवती भी कूद पड़ीं, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को कुएं से बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गांव के सरपंच रामदीन पिपरदे ने बताया कि मृतका प्रेमवती का 17 वर्षीय बेटे की एक साल पहले सडक़ हादसे में मौत हो गई थी। तभी से वह मानसिक तनाव में थीं और बीमार रहने लगी थीं। वहीं मासूम हरीश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी आठ बहनें हैं। इस हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंपा। इसके बाद गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दुखद घटना से निमझिरी गांव में शोक की लहर है।

### रिटायर्ड रेंजर की पत्नी की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल।** बैतूल के हमलापुर निवासी और वन विभाग के रिटायर्ड रेंजर शिवपाल साकरे की पत्नी हस्ली बाई साकरे (65) की गुरुवार शाम सडक़ हादसे में मौत हो गई। नागपुर ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी शुक्रवार को मृतका का पोस्टमार्टम करवा रही है। पुलिस के अनुसार मृतका पारिवारिक आयोजन में हिस्सा लेने गांव गई थीं। वह अपने बेटे राजू के साथ बाइक से कुमुदरा से लौट रही थीं। भयावाड़ी के पास बाइक स्पीड ब्रेकर से उछल गई, जिससे वह सडक़ पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन पहले उन्हें निजी राठी अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राइवेट एंबुलेंस से नागपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को वापस बैतूल लाकर अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया। शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कृषि उपज मंडी की सड़क का ड्राइंग डिजाइन दूसरी बार रिजेक्ट

# पीडब्ल्यूडी को अब दोबारा भेजना होगा प्रपोजल, मंडी के सामने लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बडोरा में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने मंडी के पीछे के हिस्से में 90 लाख से एप्रोच रोड बनानी है। इसका ड्राइंग डिजाइन 6 महीने पहले अप्रैल 2025 में भेजी थी जिसे एसई कार्यालय से खारिज कर दिया था, क्योंकि इस 250 मीटर सडक़ के बीच में जो नाला था इस नाले पर पडऩे वाले पुल की ड्राइंग डिजाइन की टेक्नीकल मंजूरी लेनी थी वह नहीं ली थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने एक महीने पहले दोबारा ड्राइंग डिजाइन बनाकर भेजा, लेकिन इसे हाल ही में खारिज कर दिया है। इस बार अनुमति लेने के लिए ड्राइंग डिजाइन तो भेजा लेकिन इसमें नाले का उच्चतम जलस्तर और कैचमेंट एरिया नहीं दिखाया था कि पानी फैलता कहां तक जाएगा। अब पीडब्ल्यूडी तीसरी बार इसका ड्राइंग डिजाइन बनाकर भेजेगी। इधर यह सडक़ नहीं बनने के कारण मंडी में आने और जाने के रास्ते एक ही है इस कारण वाहनों के आमने सामने आने से जाम लगते हैं। यह काम 6 महीने में पूरा किया जाना था लेकिन वर्क ऑर्डर के बाद जून में इसकी टाइम लिमिट निकल गई है।

#### फिर ड्राइंग-डिजाइन हुई खारिज

बडोरा मंडी के सामने ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए पीछे के हिस्से में बनाई जाने वाली 90 लाख की एप्रोच रोड का काम एक बार फिर ड्राइंग डिजाइन खारिज हो जाने के कारण लंबा खिंच गया है। बीते 6 महीने में यह दूसरी बार ड्राइंग-डिजाइन मंजूर नहीं हुई है। इस बार कारण है 250 मीटर की सडक़ पर जो नाले की पुलिया है उसके नाले के पानी का कैचमेंट एरिया सही तरीके से नहीं दिखाया जाना। इस इसका पानी कितनी ऊंचाई तक जाता है और कितनी दूर तक फैलता है इसका स्पष्ट उल्लेख ड्राइंग-डिजाइन में नहीं होने के कारण हाल ही में एसई कार्यालय ने इसे खारिज कर



दोबारा ड्राइंग डिजाइन बनाने को कहा है।

#### वर्तमान में पीछे की आधी सड़क खोदकर छोड़ी

अब पीछे के हिस्से में सडक़ आधी खुदी पड़ी है। और इधर सामने के हिस्से में वाहनों के कारण जाम लग रहे हैं। यहां पर किसान और अनाज व्यापारी दोनों परेशान हैं। दो साल से अलग- अलग प्लान जरूर बनाए, लेकिन काम नहीं हुआ। पूर्व में मंडी के पीछे 1 किलोमीटर लंबी सडक़ बनाकर फोरलेन से इसे जोडऩे प्लानिंग की। लेकिन 7 जमीनों का अधिग्रहण करवाने में अड़चन आ रही थी, इसीलिए इसे ठंडे बस्ते में डालकर 250 मीटर लंबी सडक़ बनाने का निर्णय लिया। लेकिन यह सडक़ भी अब ड्राइंग डिजाइन में अटक गई है।

#### लंबी-लंबी कतारों से लगता है जाम

खरीफ फसल की कटाई के बाद कृषि उपज मंडी में उपज की की आवक होने लगेगी। ऐसे में वाहन चालकों को फिर जाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि मंडी में आने-जाने के लिए अभी एकमात्र मार्ग है और यह मार्ग भी बडोरा चौक पर है। इसी मार्ग से अन्य वाहन भी निकलते है, जबकि उपज लेकर आने वाले किसानों के ट्रेक्टर-ट्रॉली भी मार्ग पर खड़े रहते है। जिससे बार-बार जाम जैसे हालात निर्मित होते है। बताया जा रहा है कि एप्रोच मार्ग अभी तक बन जाना था, लेकिन ड्राइंग-डिजाइन ही अभी तक फाइनल नहीं हुई। जिसके कारण आने वाले दिनों में फिर किसानों के साथ-साथ वाहन चालकों को जाम जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

#### तैयारी की जा रही है

नाले पर पुलिया बनाने अलग से मंजूरी लेने ड्राइंग डिजाइन बनाकर भेजा था। इसे मंजूरी नहीं मिली है, कैचमेंट एरिया दिखाने समेत अन्य संशोधन करके दोबारा इसे भेजने की तैयारी की जा रही है। कुछ चीजों को दुरुस्त करके दोबारा इसे भेजा जाएगा।

**- डीएस परमार**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी

### एक की तलाश जारी

## देवी विसर्जन के दौरान तालाब में डूबी दो बालिका सुरक्षित



**मुलताई।** निकटतम ग्राम सोनौली में खुशी का माहौल उस वक्त मातम में बदल गया, जब देवी विसर्जन के लिए तालाब पर गई तीन लड़कियां तालाब में डूब गई। जिसमें से दो बालिकाओं को ग्रामीणों द्वारा बचा लिया, किंतु एक बालिका अभी लापता बताई जा रही है। जिसकी तलाश की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। राज्य आपदा बल एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और लापता बालिका की तलाश कर रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनोली गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे ग्रामीण देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए ग्राम के तालाब पर पहुंचे थे। इसी दौरान लक्ष्मी (12), मुस्कान (18) और मोनिका मराठी (11) तालाब में नहाने उतर गईं। बच्चियां गहराई में चली गईं और डूबने लगीं। चीखने की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोग तुरंत पानी में कूदे। मुस्कान और मोनिका को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन लक्ष्मी का कोई पता नहीं चला, जिसकी तलाश की जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर तहसीलदार संजय बारिया और थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाया, जो बालिका की तलाश कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब काफी गहरा है और इसके किनारों पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। विसर्जन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे, लेकिन हादसा इतनी तेजी से हुआ कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

#### होटल में काम करते हैं लक्ष्मी के पिता

लक्ष्मी के पिता राजेंद्र उमरता मुलताई के होटल में काम करते हैं। उन्होंने कहा- बेटी सहेलियों के साथ विसर्जन के लिए गई थी। मैं उस वक्त घर पर था। मुझे बताया गया कि वह तालाब में नहाने उतरी थी। उसके साथ दो और लड़कियां भी तालाब में गई थीं। उन्हें बचा लिया गया, लक्ष्मी बेटी लापता है।

#### तलाश की जा रही है

ग्राम सोनोली तालाब में डूबी लड़की की तलाश की जा रही है अब तक बालिका तलाश दल को नहीं मिली है।

**देवकरण डेहरिया, थाना प्रभारी मुलताई**

### एक राष्ट-एक चुनाव परामर्श सम्मेलन आज

**बैतूल।** लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने तथा चुनावी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही ह्यएक राष्ट्र -एक चुनावह्न की अवधारणा पर विचार और विमर्श के लिए बैतूल के अटल बिहारी बाजपेई सभागृह (पीएमश्री जेएच कॉलेज बैतूल) में राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन 4 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे किया जा रहा है। एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के जिला संयोजक अतीत पवार ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में हेमंत खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे, वहीं मुख्य वक्ता के रूप में उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एवं एक राष्ट्र एक चुनाव मध्यप्रदेश के प्रदेश संयोजक रोहित आर्य अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री एवं बैतूल-हरदा-हरसूद सांसद दुर्गादास उइके करेंगे।

### संघ शताब्दी वर्ष पर बडोरा में निकला पथ संचलन

**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विजयदशमी पर्व के अवसर पर बैतूल जिले के भैंसदेही खंड के विजयग्राम मंडल और बैतूल नगर की श्री राम बस्ती बडोरा में संघ का पथ संचलन निकाला गया। इस गरिमामयी आयोजन में 400 से अधिक स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघ चालक संजय घिडोडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि शंकर नागले, बस्ती प्रमुख यादोराव देशमुख एवं मुख्य वक्ता नरेश लहरपुरे, जिला प्रचार प्रमुख मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं शस्त्र पूजन से हुई। इसके पश्चात अमृतवचन, एकल गीत की प्रस्तुति दी गई, तत्पश्चात नरेश लहरपुरे ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, अंधकार पर प्रकाश की और रावण पर श्रीराम की विजय का यह पर्व हम सबके लिए आदर्श बनना चाहिए। उन्होंने संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रखी थी।

### अंबेडकर कालेज में मनाई गांधी जयंती



**बैतूल।** बीआर अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय बैतूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इसके साथ ही 17 सिंतबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडा के अंतर्गत सत्य अहिंसा की शपथ, स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग, उत्पाद पर व्याख्यान एवं जन जागरण रैली का आयोजन किया गया। कार्यकम में महाविद्यालय के संचालक इंजी. धुरवप्रकाश अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होने कहा कि दोनो महापुरूष का जीवन देश के लिए समर्पित रहा। उनका जीवन सादा, उच्च विचार के कथनथ था। प्राचार्य डॉ. जीडी देशमुख ने कहा कि महात्मा गाँधी देश के आदर्श महापुरूष है। उनके बलिदान को कभी नही भूलना चाहिए। शास्त्री जी ने जब देश पर खाद्यान संकट आया था, तब देश से अपील कि सप्ताह में एक बार एक समय ही भोजन करे।

### 12 अक्टूबर से पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**बैतूल।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 12 अक्टूबर को रविवार से शुरू होगा। इसी के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला 3 अक्टूबर को पुराना एएनएम प्रशिक्षण केंद्र टिकारी में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण के तहत 12 अक्टूबर को प्रथम दिवस बच्चों को बूथ पर पोलियो की खुराक दी जाएगी, जबकि दूसरे और तीसरे दिन 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों 5को दवा पिलाई जाएगी। डॉ. हुरमाडे ने लोगों से अपील की कि वे बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

### 51 फीट ऊंचे रावण का दहन

## समिति ने मंदिर के सदस्यों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



नया बस स्टैंड के पीछे दशहरा उत्सव समिति शाहपुर द्वारा लगभग 51 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। प्रभु श्री राम की पूर्ण झांकी नगर के प्राचीन मंदिर श्री राम मंदिर से निकलकर रावण दहन स्थल पहुंची। प्रभु श्री राम द्वारा रावण दहन किया गया। रावण दहन के पहले टेकड़ी मंदिर जो पहाड़ पर स्थित है, मंदिर के सीढिय़ों के निर्माण में पतौआपुरा के नागरिकों द्वारा मेहनत करके लगभग 1000 सीढिय़ों का निर्माण किया गया है। जिसके लिए उन्हें दशहरा उत्सव समिति शाहपुर द्वारा सम्मानित किया गया। दशहरा उत्सव समिति शाहपुर के द्वारा रावण दहन के कार्यक्रम को सुंदर स्वरूप दिया गया। लोगों ने यहां आकर रावण दहन के कार्यक्रम को देखा और सराहा। कार्यक्रम में घोड़ाडोंगरी विधायिका श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके भी सम्मिलित हुई। थाना प्रभारी मुकेश ठाकुर ने भी कार्यक्रम में पूरे पुलिस स्टाफ के साथ सहयोग दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती नीतू शक्ति गुप्ता, नगर परिषद शाहपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती पम्मी छोटू राठौड़ एवं पार्षद गण उपस्थित रहे। दशहरा उत्सव समिति शाहपुर के सदस्य अमित महतो ने बताया कि रावण दहन का कार्यक्रम सन 1980 से प्रारंभ किया गया था। पहले तो यह कार्यक्रम बहुत ही सूक्ष्म रूप में किया जाता था। आज धीरे-धीरे यह हमारे नगर का मुख्य उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

### एएनएम संघ ने प्रभारी मंत्री पटेल को सौंपा ज्ञापन

## एएनएम संघ ने की मांग: वेतनमान बढ़ाकर 3200 ग्रेड पे किया जाए



**बैतूल।** संयुक्त एएनएम एसोसिएशन संविदा-नियमित कर्मचारी संघ ने जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को ज्ञापन सौंपकर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती अर्चना पाटिल ने बताया कि एएनएम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं।

गांव-गांव तक विभागीय योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने और मातृ-शिशु स्वास्थ्य की निगरानी का दायित्व एएनएम निभाती हैं। बावजूद इसके उन्हें न तो पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं और न ही उचित मान-सम्मान। ज्ञापन के माध्यम से संघ ने बताया कि स्वास्थ विभाग के अंतर्गत एएनएम संवर्ग द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य किया जाता है एवं विभाग की समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन कर हितग्राही तक लाभ पहुंचा कर विभाग के लक्ष्यों की पूर्ति की जाती है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सार्थक उपस्थिति के नाम पर मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जबकि सभी को विदित है कि एएनएम के कार्य एवं कार्य क्षेत्र दोनों ही जोखिम पूर्ण हैं। मातृ एवं शिशु सुरक्षा टीकाकरण एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों को एएनएम द्वारा संपादित किया जाता है। इसीलिए एएनएम को सार्थक उपस्थिति से प्रथक किया जाए। मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर कई तरह के अभियान चलाए जाते है, जिसका संपादन एएनएम द्वारा सफलतापूर्वक किया जाता है, लेकिन उसका सम्मान एवं प्रोतसाहन राशि अन्य केडर को दी जाती है और एएनएम को नजर अंदाज किया जाता है। अगर लक्ष्य की पूर्ति न हो तो एएनएम को मानसिक और आर्थिक रुप से प्रताड़ित किया जाता है। अतः निवेदन है कि एएनएम को पूर्व की भांति नर्सिंग केडर में वापस लिया जाए एवं नाम परिवर्तित कर ग्रामीण स्वास्थ संयोजक किया जाए। संविदा एएनएम को शिक्षा विभाग की तरह संविलियन किया जाए। साथ ही नियमित कर्मचारियों की भांति मेडिकल एवं अर्जित अवकाश आदि का लाभ दिया जाए। 2021 तक आवश्यक सामग्री क्रय के लिए मिलने वाला फंड एएनएम को प्रथक से दिया जाए और एएनएम की स्थानीय समस्याओं का निराकरण किया जाए। एएनएम का ग्रेड पे 3200 किया जाए। संघ ने प्रभारी मंत्री से मांग की है कि एएनएम की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

## अवैध रूप से शराब बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**सारनी।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाव घाट सारणी में दुर्गा विसर्जन ड्यूटी के दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि सारणी तरफ एक सफेद रंग बोलेरो क्र. एमएच 29 एल 0052 में अवैध रूप से शराब भरकर ग्रामीण क्षेत्र में बेचने के लिए लेकर जा रहे है।

सूचना पर पुलिस ने बोलेरो को रोक कर चेक किया, जिसमें अवैध शराब 8 खाकी रंग के कार्टून, जिसमें लिमोन्ट बियर लिखा है, प्रत्येक में 12 बियर कुल 96 बाटल प्रत्येक में 650 एमएल कुल 62.400 लीटर एवं 2 देशी प्लेन शराब के खाकी रंग के कार्टून के 4 पैकेट प्रत्येक पैकेट में 50 क्वाटर प्रत्येक में कुल 200 क्वाटर प्रत्येक में 180 एमएल शराब कुल 36 लीटर शराब, आफीसर्स च्वाईस के तीन कार्टून प्रत्येक कार्टून में 48 क्वाटर कुल 144 क्वाटर प्रत्येक में 180



एमएल कुल 25.920 लीटर एवं गोवा लाल के डेढ़ पेटी एक में 50 क्वाटर एवं एक में 25 क्वाटर कुल 75 क्वाटर प्रत्येक में 180 एमएल कुल 13500 एमएल कुल 137.820 लीटर कुल कीमती 55090 रूपये की पाई जाने पर संतोष वर्मा (60) निवासी शापिंग सेन्टर सारणी और शिवराम उर्फ गोलू पिता रामकिशन मवासे (30) निवासी डांगवा थाना सारणी को गिरफ्तार कर उनके विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी जयपाल इनवाती, उपनिरीक्षक आशीष कुमरे, प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके, आरक्षक देवा धुर्वे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा, अखाड़ों ने किया प्रदर्शन

# शुक्रवार सुबह तक हुआ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला गुरुवार दोपहर से शुरू होकर शुक्रवार सुबह तक चला। शहर के विभिन्न मोहल्लों और क्षेत्रों से भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें पारंपरिक अखाड़ों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। विसर्जन के दौरान बच्चा जेल चौक स्थित देवी काली की प्रतिमा का चल समारोह रात 12 बजे शुरू हुआ। इससे पहले हजारों भक्तों की मौजूदगी में भव्य आरती और पूजन संपन्न हुआ। श्री हनुमान व्यायाम शाला के कलाकारों ने जिम्नास्ट और अन्य करतब भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर देवी और भगवान शंकर की प्रतिमाओं का भी चल समारोह निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। हर मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा, जिसके कारण अधिकांश कार्यक्रम शांति और अनुशासन के साथ पूरे हुए। हालांकि, विसर्जन के दौरान इक्का-दुक्का स्थानों पर मारपीट की घटनाएं भी सामने आईं, जिन पर पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। इन छोटी-मोटी घटनाओं के बावजूद, संपूर्ण आयोजन बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण माना गया। शहर के टिकारी, कोठीबाजार और अन्य क्षेत्रों से निकली प्रतिमाएं मुख्य मार्ग होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। श्रद्धालुओं ने वहां देवी प्रतिमाओं को श्रद्धापूर्वक विदा किया। प्रशासन ने विसर्जन स्थलों पर भी बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थी।

#### दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**शाहपुर।** विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलपटी में ग्राम के जय माता दी दुर्गा उत्सव समिति सिलपटी के भक्तों द्वारा दशहरे के दिन मातारानी की मूर्ति का विसर्जन किया। भक्तों के द्वारा स्थापना किए स्थान पर पूजन आरती के साथ हवन किया गया और उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। ग्राम के सभी भक्तों ने अपने क्षेत्र में खुशहाली अच्छी फसलों के उत्पादन के लिए सुख शांति की कामना की।

### विसर्जन जुलूस के दौरान चाकूबाजी, दो युवक घायल

*बैतूल। गुरुवार रात विसर्जन जुलूस में चाकू बाजी की दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवक घायल हो गए। इनमें एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर की पहचान कर ली है। लेकिन घायल युवक इससे इनकार कर रहा है। एएसआई जगदीश रायकवार के मुताबिक रात करीब ढाई बजे शहर में निकले विसर्जन जुलूस के दौरान युवक पर चाकू से हमला हो गया। पेट में गंभीर चोट लगने से युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार घायल युवक हर्षवर्धन चौधरी (28) विसर्जन जुलूस में जय भोले बाबा समिति के चल समारोह में शामिल था। इसी दौरान टिकारी चौक क्षेत्र में बसोड़ी मोहल्ले के पास झगड़ा हुआ। इसी दौरान चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में हर्षवर्धन के पेट में गंभीर चोट लगी। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। हालांकि अस्पताल में भर्ती हर्षवर्धन ने बताया कि जुलूस के दौरान भीड़ में किसी ने अचानक चाकू मारा और वह नहीं देख पाया कि हमला किसने किया।*

**खबर संक्षेप**

## अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक

**देवास।** जिले में भावांतर योजना के क्रियान्वयन के संबंध में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम देवास आनंद मालवीय, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, किसान संघ के पदाधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति के व्यापारीगण, कृषकगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में अपर कलेक्टर सोलंकी ने कहा कि भावांतर योजना के तहत किसानों के पंजीयन शुरू हो गए है। भावांतर योजना के तहत जिले में 17 अक्टूबर तक पंजीयन होगा और जिले की मंडियों में 24 अक्टूबर से खरीदी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि जांच दल बनाये गए है। व्यापारी रिकार्ड प्रबंधन अच्छे से करें। भावांतर पंजीयन देखकर किसानों का सोयाबीन कम भाव पर खरीदने पर कार्यवाही की जाएगी। भावांतर योजना के तहत अनुभाग स्तर पर बैठक होगी। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि भावांतर योजनांतर्गत सोयाबीन के पंजीयन जिले की समस्त बहुद्देशीय सेवा सहकारी समिति के माध्यम से निःशुल्क किए जाएंगे। साथ ही एम.पी. ऑनलाइन, कामन सर्विस सेन्टर के कियोस्क पर लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन की व्यवस्था भी है। भावांतर योजनांतर्गत पंजीयन पूर्व की भांति किसान पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा, जब कृषक का भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधारकार्ड में दर्ज नाम से होगा। किसान अपनी उपज मंडी में जाकर बेच सकेंगे। 15 दिवस में भावांतर की राशि का किसान के आधार लिंक बैंक खाते में सीधे अन्तरण किया जाएगा। सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 प्रति क्विंटल है। बैठक में किसानों से पराली न जलाने और प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह भी किया।

## आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर चार प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** जिले में आबकारी विभाग द्वारा कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में आबकारी वृत्त देवास अ एवं ब में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की गई, जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर मक्सी रोड पर खुशबू होटल एवं होटल दा साहब एवं अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई,जिसमे एक मोटर साइकिल,159 पाव देशी मदिरा 24 केन बियर एवं 46 पाव विदेशी मदिरा जप्त की गई। कार्यवाही में 04 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक दिनेश भार्गव, प्रेम यादव मुख्य आरक्षक, राजाराम रायकवार बालमुकुंद गौतम, आबकारी आरक्षक , बाल कृष्ण जायसवाल, अरविंद जिनवाल दीपक टटवाडे ,आशीष गुप्ता ,निकिता परमार सैनिक किशोर सिसोदिया,अनिल चौहान एवं अनिल अकोड़िया शामिल थे।

### उमंग उत्साह के साथ निकला मां दुर्गा का ऐतिहासिक विसर्जन चल समारोह

# दोपहर 2 बजे शुरू हुआ चल समारोह, शाम 6 बजे हुई तेज बारिश के बाद भी रहा जारी, माता के भक्तों ने नम आंखों से दी विदाई



प्रशासन और पुलिस ने संभाला मोर्चा, विसर्जन जूलूस की सतत निगरानी मौजूदगी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मां शारदीय नवरात्रि महापर्व पर हर वर्ष ग्यारस पर निकलने वाला मां दुर्गा का ऐतिहासिक विसर्जन चल समारोह प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष दोगुने उत्साह के साथ निकला। जिस प्रकार भक्तों ने माँ दुर्गा की नौ दिनो तक उपासना की। उसी प्रकार चल समारोह को ऐतिहासिक बनाकर माता की आकर्षक प्रतिमाओ को जुलूस में सम्मिलित किया। गुरुवार रात्रि से ही समितियो द्वारा जुलूस मार्ग पर मंच बनने एवं सजने तैयार हो गए थे। शुक्रवार को दोपहर 1.30 बजे तक शहर का मुख्य मार्ग एमजी रोड़ स्वागत मंचो से सज गया। दोपहर 2 बजे पश्चात चल समारोह के मुख्य मार्ग एमजी रोड पर प्रवेश करने के लिये जैसे ही माँ दुर्गा की पहली झांकी सयाजी द्वार पर पंहुची। वैसे ही एक के पीछे एक माता की आकर्षक प्रतिमाएं पहुंचने लगी। जिन्हें निहारने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु शहर पहुंचे और माता जगदम्बे को अंतिम विदाई दी। चल समारोह का शुभारंभ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से माँ तुलजा भवानी की आरती के साथ हुआ। चल समारोह के दौरान शाम 6 बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जो लगभग 45 मिनिट तक जारी रही। तेज बारिश के बीच भी चल समारोह के उत्साह में कमी नही आई। आयोजक माता प्रतिमा को पॉलीथिन से सुरक्षित कर ले जाते नजर आए। ऐतिहासिक चल समारोह देर रात्रि तक चलता रहा। जिसमें एक से बढकर एक माता की प्रतिमाए भक्तों के मन को आकर्षित करने वाली थी। जिसे देखने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों लोग जुटे। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने जगह-जगह मंच लगाकर समारोह का स्वागत किया। समारोह के दौरान अखाड़ों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कई युवा ढोल-ताशे पर झूमते हुए नजर आए, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। चल समारोह देखने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहर पहुंचे। पुलिस ने पूरे शहर में विभिन्न चौराहों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की थी। एमजी रोड मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। झांकियों के साथ सामाजिक संदेश भी दिए गए। इनमें 'हर कन्या का सुरक्षित घर पहुंचना ही असली कन्या पूजन है' और 'जो बेटी की कीमत ना जाने वह पिता नहीं व्यापारी है उसके घर बेटी मत देना वह तो स्वयं अत्याचारी है' जैसे स्लोगन प्रदर्शित किए गए। विभिन्न सार्वजनिक पंडालों के आयोजकों का सॉफा बांधकर व भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। निकले चल समारोह में लगभग 60 से अधिक माता की प्रतिमाएं शामिल हुई।

### मातृशक्ति भी उत्साह से हुई शामिल

चल समारोह में इस उम्मीद से एम.जी. रोड पर दोनो और दर्शनार्थी, माताएँ-बहिने एवं पुरुष वर्ग आकर बैठ गया था। चल समारोह में भगवा टोपी एवं परिधान धारण किये मातृशक्ति भी गरबा, डांडिया करते हुए उत्साह से शामिल हुई। खास बात यह रही कि चल समारोह का कहीं कोई नेतृत्व नहीं, समाज एवं दुर्गा उत्सव समितिया स्वयं ही नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरकर सामने आयी। चल समारोह में समाज की उत्सवप्रियता एवं परम्परा के साथ प्रेसजगत की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### मां अंबिका चौक मंदिर पर नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में मनाया नवरात्रि पर्व

# पुरस्कार वितरण के साथ 10 दिवसीय नवरात्रि पर्व का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर के बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर नवदुर्गा युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में नवरात्रि पर्व मनाया गया। इस दौरान प्रतिदिन 60 बालिकाओं द्वारा गरबे के साथ ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रतिदिन शाम को मां अंबिका की महाआरती का आयोजन किया जाता था।

साथ ही गरबे का आयोजन भी हुआ। प्रिया कारपेंटर एवं मोनिका राजपूत द्वारा गरबा करने वाली बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। नवमी की रात्रि को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मंदिर पुजारी रवि शंकर दुबे, समिति अध्यक्ष गंगाराम पाटीदार, वरिष्ठ कथा वाचक मिश्रीलाल व्यास, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गौरव दुग्गड,बालवान सिंह सेंधव,राजेश सिंह राजपूत , चंपालाल यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर स्व. कल्याण सिंह सेक्रेटरी की स्मृति में बलवान सिंह सेंधव द्वारा सभी बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किया गया। आयोजन समिति द्वारा लाइट डीजे, टेंट संचालकों को भी सम्मानित किया गया। नवरात्रि कार्यक्रम के दौरान नगर के अलग-अलग स्कूल के बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर एक से बढ़कर एक शानदार परिस्थितियों दी। इस पर



विद्यालय को शील्ड प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी प्रमाण पत्र एवं पेन समिति की ओर से भेंट किए गए। इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम में सहयोग करने पर अभिनंदन किया गया। दशहरे के अवसर पर सभी नगर वासियों के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण की। उक्त



आयोजन में नव दुर्गा युवा उत्सव समिति एवं मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।

### आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

**चापडा।** गुरुवार को दशहरे पर नगर में तीन स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी रावण दहन देखने पहुंचे। पंचायत भवन के सामने पंचायत द्वारा रावण के पुतले का दान किया गया। बाजार पट्टी मां अंबिका चौक मंदिर पर युवाओं द्वारा 21 फीट का रावण का पुतला बनाया गया। जहां पर आतिशबाजी के साथ रावण का दहन किया गया। इसी दौरान नेमावर रोड पर वैष्णव परिवार द्वारा रावण का पुतला बनाकर उसका दहन किया गया। इस दौरान राम लक्ष्मण सीता की झांकियां भी बनाई गई। रावण दहन देखने बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे। दहन के बाद सभी ने एक दूसरे को दशहरे पर्व की बधाई दी। चौराहे पर स्थित मां अंबिका मंदिर पर प्रतिवर्ष के अनुसार मंदिर समिति द्वारा भज्जिया उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर पकौड़ों का लुफ्त उठाया।

## जिले में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत की जा रही है विलेज विजन प्लानिंग




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जनजातीय कार्य विभाग तथा 6 अन्य लाइन विभागों के आपसी समन्वय एवं सहयोग से चलाए जा रहे आदि कर्मयोगी अभियान में देवास जिले के कुल 135 ग्रामों में विलेज विजन 2030 हेतु प्रत्येक ग्राम को विकसित करने एवं मॉडल ग्राम बनाए जाने के लिए कार्य किया जा रहा है।जिले के विकासखंड बागली के 51 ग्राम पंचायतों के 71 जनजातीय ग्राम, विकासखंड कन्नौद की 30 पंचायतों के 42 ग्रामों, विकासखंड खातेगांव की 16 पंचायतों के 22 ग्रामों में इस अभियान अंतर्गत विलेज एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों में समस्याओं के निवारण के लिए प्रत्येक ग्राम में एक आदि सेवा केंद्र का निर्धारण किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामजनों की शिकायतों/समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकेगा। इन आदि सेवा केंद्रों का संचालन आदि साथी, आदि कर्मयोगी, आदि विद्यार्थी के आपसी सहयोग एवं समन्वय से किया जाएगा।

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन हादसे में 11 लोगों की हो गई थी मौत

# सीएम मोहन यादव व मंत्री शाह ने परिजनों से की मुलाकात, हर संभव मदद का भरोसा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। घटना पंधाना तहसील के ग्राम जामली राजगढ़ के पास हुई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गए। सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद और आर्थिक सहायता का भरोसा दिलाया गया है।

मंत्री विजय शाह शुक्रवार सुबह जामली राजगढ़ पहुंचे और घर-घर जाकर मृतकों व घायलों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर प्रकार की मदद का भरोसा दिया और घायलों के शीघ्र उपचार के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। शाह ने विशेष रूप से असहाय परिजनों की सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर गंभीर मरीजों को इंदौर रेफर किया जाए तथा एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था भी कराई जाए। घटना में जान गंवाने वाले परिवारों की बेटियों सोनू और पिंकी खरते का अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के छात्रावास में एडमिशन कराने के भी निर्देश दिए गए। घटना जैसे ही हुई, पंधाना विधायक छाया मोरे ने तुरंत जिला कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और जिला पुलिस अधीक्षक मनोज राय को सूचित कर दिया। तत्पश्चात रेस्क्यू और चिकित्सा टीमों को घटनास्थल पर तैनात कर बचाव और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराई गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव तक और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भी घटना की जानकारी पहुँचाने का प्रयास किया गया, ताकि उच्च स्तर पर भी सहायता और आवश्यक निर्देश मिल सकें। पंधाना विधायक और जिला प्रशासन ने मौके पर मौजूद सभी विभागों के साथ समन्वय कर शवों की निकासी, घायलों को अस्पताल पहुंचाने तथा गांव में शांति बनाये रखने की सारी व्यवस्थाओं का प्रबंधन संभाला। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारी लगातार परिजनों से मिलकर उनकी आवश्यकताओं का संज्ञान लेते रहे और राहत कार्यों का लगातार निरीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री मोहन यादव घटना के दूसरे ही दिन शाम को पाडलफाटा गांव पहुंचे, जहां प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को एक टेंट के नीचे बुलाया था। सीएम ने करीब 25 मिनट तक परिजनों से चर्चा कर उन्हें सांत्वना दी और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए के मुआवजे स्वीकृत राशि देने की बात कही । साथ ही घायलों को 50 हजार रुपए और गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने उन युवाओं की भी चर्चा की जिनहोंने डूबते लोगों की जान बचाई और कहा कि ऐसे बहादुर युवाओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

हादसे के बाद शुक्रवार को सभी 11 मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। पूरे गांव में गहरा मातम पसरा हुआ है। सूचना के अनुसार जो 8 साल की चंदा थी, उसका शव सबसे आखिरी में पानी से निकाला गया। उसी दौरान उसकी छोटी बहनें अनजान होकर शव के आसपास खेलती रहीं, यह दृश्य गांववासियों और परिजनों के लिए और भी हृदयविदारक साबित हुआ। हादसे में 8 साल की बच्ची से लेकर 25 साल की महिला तक के लोग शामिल थे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी भी घटनास्थल पहुंचकर परिजनों से मिले और संवेदना व्यक्त की। घटना के बाद जन प्रतिनिधि और स्थानीय अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचे और परिजनों से मिले, मुख्यमंत्री मोहन यादव, खंडवा विधायक कंचन तनवे, मंत्री विजय शाह, खंडवा सांसद ज्ञानेश पाटिल, मांधाता विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे, जिपं अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, कलेक्टर ऋषभ गुप्ता, एसपी मनोज राय और अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी। सभी ने परिजनों को सांत्वना दी और प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता की जानकारी साझा की।



### जीतू पटवारी ने की मांग- खंडवा हादसे के मृतकों के परिजनों को मिले 1-1 करोड़ मुआवजा

**खंडवा।** मध्यप्रदेश में गुरुवार का दिन बेहद ही दुखदायी रहा। खंडवा में डैम में ट्रैक्टर पलटने से 11 मासूमों की मौत हो गई, वहीं उज्जैन में 3 बच्चे नदी में डूब गए। दोनों घटनाओं पर देश और प्रदेश के नेताओं ने गहरा दुख जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने खंडवा हादसे पर शोक व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी खंडवा पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। जीतू पटवारी ने कहा कि यह घटना बेहद विभत्स है। मृतकों में किसी की इकलौती संतान थी, तो किसी के घर में अब बेटियां ही नहीं रहीं। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। ऐसे में सरकार को हर परिवार को 1-1 करोड़ रुपए का मुआवजा देना चाहिए।

### आम किसान यूनियन ने निकाली रैली

## किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन सोयाबीन के सर्वे करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

आम किसान यूनियन के सदस्यों ने शुक्रवार को ग्राम अबगांवखुर्द में ट्रैक्टर-ट्रॉली रैली निकालकर मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन ग्राम पंचायत सचिव और कृषि विभाग के ग्राम सेवक को सौंपा। किसानों का कहना था कि प्रदेश के कई हिस्सों में फसलें अतिवृष्टि, कीट और रोगों से बर्बाद हो चुकी हैं, जबकि सरकार ने अब तक समर्थन मूल्य पर खरीदी की कोई ठोस घोषणा नहीं की है। किसानों ने भावांतर योजना का विरोध किया और इसे केवल व्यापारियों और बिचौलियों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि यह नीति किसानों के साथ छलावा है। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल इस योजना को समाप्त करे। इसके साथ ही उन्होंने रासायनिक खाद डीएपी और यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और प्रत्येक पंचायत स्तर पर वितरण की व्यवस्था करने की भी अपील की। यूनियन से जुड़े सुनील गोल्या ने चेतावनी दी कि यदि सरकार किसानों की मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती है, तो जिला और राजधानी स्तर पर विशाल और अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। किसानों की प्रमुख मांगों में टरढ को समाप्त कर लाई गई भावांतर नीति का विरोध, अतिवृष्टि से खराब हुई सोयाबीन फसल के लिए आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा और बीमा राशि का त्वरित भुगतान, और बेसहारा मवेशियों से फसलों को हो रहे नुकसान का समाधान शामिल है।

### अवैध मदिरा के विक्रय के विरुद्ध 16 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** गांधी जयंती के अवसर पर घोषित शुष्क दिवस के तहत आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने वृत हरदा के सुखरास, बम्हनगांव, मसनगांव, फाइल वार्ड, टंकी मोहल्ला, वृत खिरकिया के ग्राम डगांवाशंकर, रोलगांव, याद्व श्री ढाबा सिराली तथा वृत टिमरनी के धुरगाड़ा, बालागांव, नकवाड़ा, भवानी ढाबा ढुलिया, आदिवासी ढाबा मगरधा में दबिश देकर कुल 84 पाव देशी मदिरा, 36 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 2 पाव विदेशी शराब तथा 620 किलो महुआ लाहन जप्त किया। साथ ही फाइल वार्ड हरदा में हाथ भट्टी शराब बनाने के लिये प्रयोग होने वाली चालू भट्टी के साथ आरोपी को पकड़ा गया। मुद्देमाल जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कुल 16 प्रकरण दर्ज किए।

**सीबीएसई स्कूल के विद्यार्थी देखेंगे विविधताएं**

## सूर्योदय अकेडमी के 55 विद्यार्थी केरल शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना



**खिरकिया।** सूर्योदय अकेडमी सीबीएसई स्कूल के 55 विद्यार्थी शुक्रवार को केरल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। विद्यालय प्रांगण से संस्था के संचालक पंकज सांड ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर हरी झंडी दिखाई। संस्था की प्राचार्य सोनाली पारे के नेतृत्व और वरिष्ठ शिक्षकों की मौजूदगी में यह दल निकला। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। इस टूर के दौरान छात्र-छात्राएं केरल की प्राकृतिक सुंदरता, पर्यावरण, संस्कृति और भौगोलिक विविधता को करीब से जानेंगे। साथ ही देश और प्रदेश के अलग-अलग राज्यों की संस्कृति से भी परिचित होंगे। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजन का अवसर होगा, बल्कि शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगा। यह यात्रा बच्चों को नई ऊर्जा, अनुभव और सीख प्रदान करेगी।

## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, 1 गंभीर घायल

**हरदा।** करताना चौकी क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गोंदागांवकला निवासी सहयोग पिता धन्नालाल खंडे (30) अपनी बाइक से गांव के एक व्यक्ति को पगढाल छोड़कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक की करताना की ओर से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा ऑटो को बचाने के प्रयास में हुआ। इस दुर्घटना में सहयोग के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार बंगाली डॉक्टर कमलकांत मंडल भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल के डॉक्टर रामकृष्ण गुर्जर ने बताया कि सिर में गहरी चोट लगने और अत्यधिक खून बहने के कारण युवक की मौत हुई है। पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। सहयोग खंडे अपने दो भाइयों में छोटे थे और उनके दो बेटे हैं, जिनकी उम्र दो महीने और दो साल है।

## नम आंखों से भक्तों ने दी मां दुर्गा को विदाई, पुलिस व अधिकारी तैनात रहे



**रहटगांव।** नवरात्रि का समापन गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर भक्तों ने दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया। नौ दिनों तक चले दुर्गा उत्सव के बाद, सुबह से ही प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन स्थलों तक ले जाया गया।

पूरे रहटगांव तहसील में नवरात्रि के दौरान दुर्गा उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह सुंदर पंडाल सजाए गए, जहां भक्तों ने माता रानी की आराधना की। हवन-पूजन के साथ कन्याओं को भोजन भी कराया गया। मां दुर्गा के जयकारों और ढोल की गूंज के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन अजमल नदी तट पर बने कुंड में हुआ। विसर्जन से पहले श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी। शहर के कई पूजा पंडालों के सदस्यों ने सजे हुए वाहनों पर प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया। विसर्जन जुलूस के दौरान भक्त डीजे बाजे बजाते बजते हुए माता के विदाई के भक्ति, गीतों पर थिरकते दिखे, वहीं महिलाओं ने गरबा नृत्य किया। माता के विसर्जन से पहले, महिलाओं ने माता रानी को चढ़ाए गए सिंदूर को अपने माथे पर लगाया। और अमर सुहाग की कामना कि, नगर भ्रमण के उपरांत, मंडी प्रांगण में विशाल रावण दहन किया गया। श्याम परिवार समिति द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक अभिजीत शाह द्वारा श्याम परिवार के सदस्यों को 11 हजार की राशि का सहयोग प्रदान किया। आगामी वर्ष इससे बड़ा कार्यक्रम किया जाए, और आगामी वर्ष दशहरा कार्यक्रम के लिए में 51000 की घोषणा करता हूं। जिसके साथ ही मंडी प्रांगण मैं जय घोष में सभी ने जय श्री राम से गूंज सुनाई दी, भक्ति में पूरा प्रांगण वही भगवान राम के द्वारा रावण पर चलाया गया बांण, रावण का किया दहन, इसके उपरांत सभी के द्वारा माता रानी की विशाल आरती पूजा अर्चना की गई, एवं प्रसादी वितरण कीया। प्रतिमाएं अजनाल नदी तट पर बने कुंड पर पहुंचकर विसर्जन हुई। इस दौरान रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे, समस्त स्टाफ,पटवारी प्रहलाद धानक,अंकित गौर, जनपद अध्यक्ष, रजनी राजेश कलाम, समस्त स्टाफ, ग्राम पंचायत सरपंच सचिव, समस्त स्टाफ, अब हम बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित

**हरदा।** गांधी जयंती के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। ग्राम सभाओं में किसान को उनकी सोयाबीन फसल का उचित दाम दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई भावांतर योजना के प्रावधानों एवं लाभ के बारे में चर्चा की गई और किसानों को इस योजना के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। ग्राम सभा में बताया गया कि भावांतर योजना के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 3 से 17 अक्टूबर 2025 तक सोयाबीन का पंजीयन किया जाएगा। साथ ही फसल विक्रय के लिए भावांतर अवधि 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। सरकार की यह भावांतर योजना उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देती है। योजना के तहत किसान को एमएसपी से कम लेकिन मंडी मॉडल रेट से अधिक भाव प्राप्त होने पर विक्रय मूल्य और एमएसपी के अंतर की राशि प्राप्त होगी। इसी प्रकार एमएसपी और मंडी मॉडल रेट दोनों से कम भाव प्राप्त होने पर मंडी मॉडल रेट और एमएसपी के अंतर की राशि किसान को प्राप्त होगी।

## कृषि कार्य के दौरान मृत्यु होने पर 4 लाख की मदद

**हरदा।** मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मृतक गोपाल निवासी ग्राम जामुखो मगरधा सिराली जिला हरदा के परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि गत माह जामुखो मगरधा निवासी गोपाल पिता भूरा की मृत्यु कृषि कार्य के दौरान हो गई थी। गोपाल की पत्नि सीतायबाई के खाते में कुल 4 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता राशि 4 हजार रूपये जमा कराई जाएगी।



## पिता की स्मृति में दान की व्हील चेयर

**हरदा।** जरूरतमंदों की सेवा सहायता कार्य में लायंस क्लब हरदा सिटी हमेशा एक सहायक की भूमिका में नजर आता है। मानव जीवन में हम किसी के काम आ सके यही परमार्थ की सेवा है। यह बात लायन अंजू भायरे ने स्वर्गीय पिता गजाधर भायरे के जन्मदिन को जीवंत करते हुए बीमार और दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए सार्वजनिक हित में व्हील चेयर प्रदान करने के दौरान कही। उनके द्वारा किए सेवा कार्य से प्रयास रोगी सेवा संस्थान के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्ति की। उन्होंने कहा किसी प्रियजन की स्मृति में समाज में सकारात्मक योगदान करने का यह अच्छा तरीका है। कोई भी जरूरतमंद संस्था से संपर्क कर इसका निशुल्क उपयोग कर सकता है। इस सेवा कार्य के दौरान लायंस क्लब हरदा सिटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति के अधिकारी बैंकर्स से नियमित फालोअप लें

# स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करने में बेहतर समन्वय दिखे, जो बैंकर्स रुचि नहीं ले रहे उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने स्वरोजगार योजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करने में अधिकारियों व बैंकर्स में बेहतर समन्वय दिखे। स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत करने में जो बैंकर्स रूचि नहीं ले रहे उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर जैन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर जैन ने शासन से विभिन्न विभागों में संचालित स्वरोजगार योजनाओं के तहत प्राप्त लक्ष्य तथा उसके विरूद्ध प्रस्तुत किये गये प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वरोजगार योजनाओं में स्वीकृति के लिए अधिकारी बैंकर्स से नियमित रूप से फालोअप लें।

## योजना के लाभ किसानों को समझाएं जनप्रतिनिधि : कलेक्टर

### कलेक्टर ने योजनाओं के प्रति जिज्ञासाओं का किया समाधान



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जिले के जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर भावान्तर योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भावान्तर योजना से किसानों को सोयाबीन बेचने में नुकसान नहीं है। जनप्रतिनिधि योजना के लाभ के बारे में किसानों को समझाएं। इस दौरान योजना के संबंध में जनप्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोद सहित जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसके पूर्व विगत दिनों कलेक्टर ने किसान संघ के पदाधिकारियों को (जूम मीटिंग से) एवं कृषि उपज मण्डियों के अनाज व्यापारियों की बैठक लेकर भी उनको योजना की बारिकियों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि वे किसानों को योजना से मिलने वाले लाभों के बारे में बताएं एवं उनके योजना से संबंधित भ्रम दूर करें।